एक नजर में

कंट्रोल रूम स्थापित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

ग्रीष्मकाल में टीकमगढ़ जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में हैण्डपम्प संधारण एवं अन्य पेयजल संबंधी कार्यों की शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इसी क्रम में कंट्रोल रूम में हैडपंप खराब, पेयजल समस्या की प्राप्त शिकायत का 24 घंटे में समाधान किया गया।

ग्राम पंचायत माडूमर के ग्रामीणजनों द्वारा ग्राम पंचायत माडूमर के ग्राम मधुवन वाईपास रोड़ पर धर्मदास का हैंडपंप खराब होने की शिकायत की दर्ज कराई थीं शिकायत प्राप्त होने पर मैकेनिक द्वारा हैडपम्प का सुधार कार्य कर तत्काल पेयजल समस्या समाधान किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्प संधारण एवं अन्य पेयजल संबंधी कार्यो की शिकायतों को दर्ज करने तथा उनके त्वरित निराकरण हेतु कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड में जिला स्तरीय पेयजल कन्ट्रोल रूम की स्थापना की । नगरीय क्षेत्रों में हैण्डपम्प संधारण एवं अन्य पेयजल संबंधी कार्यो की शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। हैडपंप खराब, पेयजल समस्या की हल कराई गई।

गड़बड़ी मिलने पर राशन दुकान सील, पंचनामा तैयार

ग्रामीणों की शिकायत पर विभाग ने की कार्यवाही

हितग्राहियों को दो माह से नहीं मिला राशन





अधिकारी द्वारा दुकान को सील कर पंचनामा तैयार करने की कार्यवाही अंजाम दिया गया है।

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले भर में संचालित राशन दुकानों में कालाबाजारी और अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। हालांकि प्रशासन समय-समय पर कार्रवाई भी करता है, लेकिन कई राशन दुकान संचालकों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के कारण उन पर कार्रवाई का खास असर दिखाई नहीं देता। यही वजह है कि गरीब और जरूरतमंद हितग्राहियों को समय पर राशन नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते सागर मार्ग स्थित ग्राम पंचायत अजनोर के राशन दुकान संचालक द्वारा दो माह से लोगों को राशन नहीं दिया गया। जिसकी शिकायत मिलने पर शुक्रवार को खाद्य विभाग की इंस्पेक्टर सपना सेन के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और जांच में ऑनलाईन स्टॉक में काफी बड़ी गड़वड़ी सामने आने पर दरअसल ताजा मामला जिले की ग्राम पंचायत अजनोर से सामने आया है, जहां राशन दुकान संचालक पर पिछले दो माह से हितग्राहियों को राशन वितरण नहीं करने का आरोप लगा। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद खाद्य विभाग हरकत में आया। शुक्रवार को खाद्य विभाग की इंस्पेक्टर सपना सेन के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान राशन वितरण में गंभीर अनियमितताएं सामने आने की बात कही जा रही है। हितग्राहियों ने अधिकारियों को बताया कि उन्हें दो महीने से राशन नहीं मिला, जबकि रिकॉर्ड में वितरण दर्शाए जाने की आशंका जताई जा रही है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य विभाग की टीम ने राशन दुकान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने मौके पर पंचनामा तैयार किया और दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न, स्टॉक रजिस्टर तथा वितरण रिकॉर्ड की जांच शुरू की। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर राशन दुकान संचालक के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि जिले में कई स्थानों पर राशन वितरण व्यवस्था प्रभावित है, लेकिन शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध कराया जाए तथा कालाबाजारी करने वालों पर कठोर कार्रवाई हो, ताकि गरीबों के हक का खाद्यान्न बाजार में बेचने वालों पर रोक लग सके। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले भर में संचालित राशन दुकानों में कालाबाजारी और अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। हालांकि प्रशासन समय-समय पर कार्रवाई भी करता है, लेकिन कई राशन दुकान संचालकों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के कारण उन पर कार्रवाई का खास असर दिखाई नहीं देता। यही वजह है कि गरीब और जरूरतमंद हितग्राहियों को समय पर राशन नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते सागर मार्ग के ग्राम पंचायत अजनोर का मामला आया है।

वितरण रिकॉर्ड की जांच शुरू

शुक्रवार को खाद्य विभाग की इंस्पेक्टर सपना सेन के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान राशन वितरण में गंभीर अनियमितताएं सामने आने की बात कही जा रही है। हितग्राहियों ने अधिकारियों को बताया कि उन्हें दो महीने से राशन नहीं मिला, जबकि रिकॉर्ड में वितरण दर्शाए जाने की आशंका जताई जा रही है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य विभाग की टीम ने राशन दुकान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने मौके पर पंचनामा तैयार किया और दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न, स्टॉक रजिस्टर तथा वितरण रिकॉर्ड की जांच शुरू की।

ऑनलाइन स्टॉक की जांच में राशन की हेराफेरी का मामला

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर राशन दुकान संचालक के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में कई स्थानों पर राशन वितरण व्यवस्था प्रभावित है, लेकिन शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध कराया जाए तथा कालाबाजारी करने वालों पर कठोर कार्रवाई हो, ताकि गरीबों के हक का खाद्यान्न बाजार में बेचने वालों पर रोक लग सके। बताया गया कि ऑनलाईन स्टॉक की जांच में 96 क्विंटल 37 किलों गेहूं एवं 23 क्विंटल 51किलों चाबल में हेर फेर होना सामने आया है।

मौसम में बदलाव के आसार

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। इससे लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिली है। 11 दिनों के बाद पहली बार दोपहर 12 बजे पारा 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।

गुरुवार देर रात तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। शुक्रवार सुबह से आसमान में हल्के बादल छाए हुए हैं। वर्तमान में 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है और मौसम में लगभग 34प्रतिशत आर्द्रता है। इन बदलावों से हवा में गर्मी का तीखापन कम हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, आज अधिकतम तापमान में लगभग 5 डिग्री की कमी आने की संभावना है। अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। पिछले लगभग 11 दिनों से अधिकतम तापमान लगातार 45 डिग्री पर बना हुआ था।रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री था, जो बुधवार को घटकर 28 डिग्री और गुरुवार रात को 27.5 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने शाम 6 बजे एक बार फिर तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। हवा में पिछले दिनों की तुलना में ठंडक महसूस की जा रही है। सुबह 11 बजे अधिकतम तापमान 36 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना है, और अगले 4-5 दिनों तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास ही रहने का अनुमान है। फिलहाल कुछ दिनों तक लोगों को लू और गर्मी से राहत मिलेगी।

40 वर्षीय व्यक्ति का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

देहात थाना क्षेत्र स्थित रामनगर सेवड़ा गांव में शुक्रवार को चंदन सिंह खंगार 40 का शव अपने घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

मृतक चंदन सिंह खंगार के पिता नब्बू खंगार ने बताया कि घटना के समय वह घर में अकेले थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य खेत पर गए हुए थे। जब परिजन घर लौटे, तो उन्होंने चंदन सिंह को फांसी के फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस फिलहाल परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि मौत के कारणों का पता चल सके। देहात थाना पुलिस के अनुसार, मृतक मजदूरी का काम करता था। आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। देहात थाना क्षेत्र स्थित रामनगर सेवड़ा गांव में शुक्रवार को चंदन सिंह खंगार 40 का शव अपने घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पंच कुंडीय श्रीराम महायज्ञ में भक्त ले रहे भाग

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

नगर परिषद कारी में स्थित प्रसिद्ध खंदिया आश्रम इन दिनों भक्ति के रंग में डूबा हुआ है। यहां 24 मई से पंच कुंडीय श्रीराम महायज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। भीषण गर्मी के बाद भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही हवन-पूजन और यज्ञ में आहुतियां देने पहुंच रहे हैं।

इस आयोजन की खास बात 15 साल की कथावाचक कुमारी गौरी मिश्रा हैं, जिन्हें सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार को कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। गौरी मिश्रा ने जब भगवान राम और कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई, तो पंडाल में मौजूद भक्त भावुक हो गए और भजनों पर झूम उठे।कथा सुनाते हुए गौरी मिश्रा ने बताया कि कैसे कंस की आकाशवाणी, देवकी-वसुदेव का कारागार में जाना और फिर भगवान कृष्ण का जन्म हुआ। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे आधी रात को चमत्कार हुआ, जेल के ताले अपने आप खुल गए और वसुदेव जी नन्हे कान्हा को सुरक्षित नंदगांव छोड़ आए।महायज्ञ में हर दिन 15 जोड़े यज्ञ की अचिलचिलाती धूप और गर्मी के बावजूद महिलाएं और बच्चे श्रद्धा के साथ यज्ञ वेदी की परिक्रमा कर रहे हैं। संत मंगलदास महाराज और मोहनगढ़ से आए विद्वानों की देखरेख में यह पूरा अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है।यह धार्मिक आयोजन 24 मई से शुरू हुआ था जो 30 मई तक चलेगा। 30 मई को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी और अगले दिन यानी 31 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे क्षेत्र के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

10 जून तक होंगे विभाग में आवेदन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण पॉक्सो अधिनियम 2012 की धारा-39 के अंतर्गत सहायक व्यक्ति की नियुक्ति हेतु 10 जून तक कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र आमांत्रित किये गये है।

जानकारी के लिये जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास से संपर्क कर सकते है। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण पॉक्सो अधिनियम 2012 की धारा-39 के अंतर्गत सहायक व्यक्ति की नियुक्ति हेतु 10 जून तक कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र आमांत्रित किये गए है। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण पॉक्सो अधिनियम 2012 की धारा-39 के अंतर्गत सहायक व्यक्ति की नियुक्ति हेतु 10 जून तक कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र आमांत्रित किये गये है।

तापमान को लेकर दी गई सलाह

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

वर्तमान में बढ़ रहे तापमान और लू हीट बेव के कारण कुक्कुट मुर्गी पालकों के सामने मुर्गियों के स्वास्थ्य और उत्पादन को बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। गर्मी के मौसम में मुर्गियों को श्हीट स्ट्रेसश् गर्मी का तनाव होने से उनकी मृत्यु दर बढ़ सकती है और अंडों, मांस के उत्पादन में गिरावट आ सकती है।

इसे ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, टीकमगढ़ के पशुधन प्रभारी एवं मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. सतेंद्र कुमार ने केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.एस. किरार के मार्गदर्शन में मुर्गियों की उचित देखभाल के लिए निम्नलिखित तकनीकी सलाह जारी की है। मुर्गी शेड की छतों पर पुआल, बोरी या घास डालें और दिन में 2-3 बार पानी का छिड़काव करें ताकि शेड के भीतर का तापमान नियंत्रित रहे।

चिकित्सालय में रोगी कल्याण समिति की बैठक

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

कलेक्टर एवं रोगी कल्याण समिति कार्यकारिणी समिति जिला चिकित्सालय विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में में जिला स्तरीय रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी अनुरागी, जिला कार्यक्र म अधिकारी महिला बाल विकास विभाग ऊदल सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, सहप्रबंधक जिला चिकित्सालय डॉ. अंकुर साहू, वरिष्ठ चिकित्सक, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन, माहवार, बर्षवार मद अनुसार आय-व्यय की जानकारी, जनहित अंतर्गत निर्माण एवं सुधार कार्य स्वीकृति, मरीजों हेतु अन्य सुविधाएँ प्रदाय करने हेतु सामग्री क्रय करने हेतु प्रस्ताव सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय का आय-व्यय वर्ष 2025 से जनवरी तक के अनुमोदन के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। बैठक में जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ परिसर के पिछले भाग में दीवार की उँचाई बढ़ाने एवं दीवार पर कटीले फेंसिंग तार लगाने तथा ऑक्सीजन प्लांट के जनरेटर के टीन शेड के चारों तरफ जाली लगाने हेतु प्राक्कलन राशि स्वीकृति हेतु अनुमोदन का प्रस्ताव पास किया गया। इसी प्रकार जिला चिकित्सालय के आवासीय परिसर के समीप आर.सी.सी. नाली बनाये जाने स्वीकृति हेतु अनुमोदन का प्रस्ताव पास किया गया। पीएम कक्ष को तोडकर वाहन पार्किंग के लिये स्थान सुनिश्चित करने, जिला चिकित्सालय में गेट नम्बर 2 के समीप स्थित दीवार को तोड़कर मलेरिया विभाग के समीप वाहन पार्किंग के लिये स्वीकृति हेतु अनुमोदन का प्रस्ताव रखा गया ।

चयन प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिला सैन्य कल्याण अधिकारी रिटायर लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश सिंह द्वारा शौर्य संकल्प योजना अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों का मोटिवेशन किया गया तथा सैना, पैरामिलिट्री फोर्सेस में चयन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी।

सिंह ने बताया जो ग्रामीण अंचलों के विधार्थियों जो पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्सेस, सैना में जाना चहते हैं उनके लिए एक योजना कारगर साबित होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को फिजिकल ट्रेनिंग तथा सैद्धांतिक विषयों के अध्ययन में किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखना है।

जल के महत्व के प्रति किया जागरूक

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं सुदर्शन फाउंडेशन, द्वारा ग्राम नीम खेरा में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामवासियों को बताया गया कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान जल शक्ति से नव का संदेश देते हुए लोगों को वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों की स्वच्छता तथा पानी के सही उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। सुदर्शन फाउंडेशन के प्रतिनिधि शिवम नापित ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आज पानी को बचाने के लिए प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे घरों एवं खेतों में पानी का दुरुपयोग रोकें और जल संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्रमांक/2989/न.पा./निर्माण/2026 — टीकमगढ़, दिनांक 22/05/2026

तृतीय ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण http:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टैण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD)	निविदा की अंतिम तिथि
1	2024_UAD_389961_2 29-05-2026 को शायं 05:00 बजे से	वार्ड नं.25 में विकास यादव के मकान से गंगा सेतु तक एवं प्रजापति मुहल्ला तक सी.सी रोड एवं नाली निर्माण कार्य (तृतीय निवदा)	3 माह 1387245.00	2000 10404	15/06/2026 सांय 05:30 बजे तक

1 - मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्र./एफ237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)

लापरवाही — **नगर परिषद पर लापरवाही का आरोप**

खरगापुर नगर में लाखों के पौधे सूखने की कगार पर

नवभारत न्यूज, खरगापुर।

नगर में लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए पौधे नगर परिषद की लापरवाही के चलते सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। आरोप है कि पिछले 15 दिनों से पौधों में पानी नहीं डाला गया, जिससे हरियाली खत्म होने लगी है। नगर परिषद द्वारा करीब एक वर्ष पूर्व नगर के सौंदर्याकरण के उद्देश्य से लगभग तीन किलोमीटर लंबे डिवाइडर मार्ग पर छोटे-बड़े करीब 400 पौधे लगाए गए थे। पौधों की सुरक्षा के लिए लोहे की जाली और बांस की बल्लियां भी लगाई गई थीं।

गौरतलब है कि पौधरोपण पंप हाउस क्रमांक-1 से तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, नगर परिषद कार्यालय, सती माता चौराहा, बस स्टैंड, हनुमान चौराहा होते हुए टीकमगढ़ रोड स्थित

तुलसी घाट नदी डिवाइडर तक किया गया था। इसके अलावा हनुमान चौराहे से जतारा रोड एवं कुड़ीला रोड डिवाइडर तक भी पौधे लगाए गए थे। नगर को हरा-भरा और सुंदर बनाने बनाने के लिए इस योजना पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे। शुरुआत में नगर परिषद के कर्मचारी नियमितरूप से टैंकर के माध्यम से पौधों में पानी डाल रहे थे, जिससे पौधे अच्छी तरह विकसित हो रहे थे, लेकिन भीषण गर्मी के दौरान, जब पौधों को सबसे अधिक पानी की जरूरत है, उसी समय पिछले 15 दिनों से सिंचाई बंद कर दी गई है। इसके चलते अधिकांश पौधे सूखने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना कि कुड़ीला रोड डिवाइडर पर लगाए गए गए पौधों के नीचे मात्र एक फीट मिट्टी है है कि और उसके नीचे डामर रोड है, जिससे पौधों को रोज पानी की आवश्यकता रहती है। इसी तरह हनुमान चौराहे से तुलसी घाट नदी तक लगाए गए पौधों की स्थिति भी ऐसी ही है। हालांकि कुछ दुकानदार और मकान मालिक अपने घरों और दुकानों के सामने लगे पौधों को स्वयं पानी देकर बचाने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे वह पौधे अब भी हरे-भरे दिखाई दे रहे हैं। इस मामले ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी पौधों की देखरेख में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। वहीं शासन के निर्देश पर तहसील कार्यालय लिय खरगापुर के पीछे नए पौधे लगाने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। इसके लिए जेसीबी मशीन से सैकड़ों गड्ढे खुदवाए गए हैं। नगर में लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए पौधे नगर परिषद की लापरवाही के चलते सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं।

लोग स्वयं दे रहे पौधों को पानी

खरगापुर नगर परिषर द्वारा नगर के हनुमान चौराहे से तुलसी घाट नदी तक लगाए गए पौधों की स्थिति भी ऐसी ही है। हालांकि कुछ दुकानदार और मकान मालिक अपने घरों और दुकानों के सामने लगे पौधों को स्वयं पानी देकर बचाने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे वह पौधे अब भी हरे-भरे दिखाई दे रहे हैं।